# ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका

## मुख्य परीक्षा - विकास सहायक

**1. मुख्य परीक्षा की योजना :**

इस परीक्षा में निम्नलिखित प्रश्नावलियाँ होंगी :

| क्र. | प्रश्नावली | प्रश्न.सं. | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तार्किक क्षमता | 30 | 30 | वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिये समग्र समय 90 मिनट |
| 2 | सामान्य ज्ञान (कृषि, ग्रामीण विकास एवं बैंकिंग) | 50 | 50 | |
| 3. | कंप्यूटर ज्ञान | 40 | 40 | |
| 4 | संख्यात्मक अभियोगिता | 30 | 30 | |
| 5. | अंग्रेजी भाषा (वर्णनात्मक) | निबंध, सार लेखन, पत्र लेखन | 50 | वर्णनात्मक परीक्षा के लिये 30 मिनट |
| | **कुल** | | 200 | |

मुख्य परीक्षा ऑनलाइन परीक्षा **08 दिसंबर, 2016** को होगी । यह केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा । मुख्य परीक्षा का समय और परीक्षा स्थल प्रवेश पत्र पर दर्शाया गया है ।

मुख्य परीक्षा के सभी प्रश्नपत्र (अंग्रेजी प्रश्नपत्र को छोड़कर) हिंदी और अंग्रेजी यानी द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे । उम्मीदवारों को प्रश्नों को हिंदी या अंगेजी में चुनने का विकल्प उपलब्ध होगा । भाषा का विकल्प परीक्षा के आरंभ में ही चुनना होगा । हालांकि आवश्यकतानुसार, भाषा का विकल्प चुनने के बाद आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे । मुख्य परीक्षा के वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्रों के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प और उसके उपरांत 'Save and Next' पर क्लिक करके दिए जाएंगे ।

परीक्षा का समय 120 मिनट होगा, लेकिन आपको परीक्षा स्थल पर लगभग 180 मिनट रहना होगा । इसमें उपस्थिति दर्ज करने, फोटो पहचान के प्रमाण के साथ प्रवेशपत्र जमा करने, लॉगिंग इन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है ।

**वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्र** : वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नपत्रों में सभी प्रश्न बहुविकल्प होंगे । आबंटित समय 90 मिनट के अंदर आप किसी भी प्रश्न का उत्तर किसी भी समय दे सकते हैं । प्रश्न के पाँच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा । **आपको उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट हो जाएगा और 'Save and Next' के उपरान्त उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न विशेष के लिए निर्धारित अंक में से 1/4 अंक दंड स्वरूप काट लिए जाएंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, शुद्ध अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) प्रत्येक प्रश्नपत्र में अंकों को दशमलव सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

**वर्णनात्मक प्रकार का प्रश्नपत्र (अंग्रेजी भाषा) :** इस प्रश्नपत्र में निम्नलिखित प्रकार के प्रश्न है । उम्मीदवारों को कंप्यूटर के की बोर्ड की मदद से जवाब टाइप करना होगा ।

| वर्णनात्मक प्रश्नावली | विकल्प | उत्तर देने की प्रश्न संख्या | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| निबंध लेखन | 5 | 1 | 20 | सभी प्रश्नों के लिये समग्र समय कुल 30 मिनट |
| पत्र लेखन | 2 | 1 | 15 | |
| सार लेखन | 1 | 1 | 15 | |

**2.** **प्रश्नपत्र के नमूना प्रश्न :** कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या कुछ या सभी प्रकार के तथा अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नहीं किया गया हो । नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

## तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि 0 से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है । यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.2.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाए से तेरहवा अक्षर कौन सा होगा ?

A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z

(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि शब्द “DEPRESSION” के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य ज्ञान (कृषि, ग्रामीण विकास एवं बैंकिंग)

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?

(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.2.** आर. के लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?

(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन
(4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** ‘न्यू डेवलपमेंट बैंक’ (NDB) जिसको पूर्व में BRICS बैंक के रूप संदर्भित किया जाता था, का मुख्यालय ______ में स्थित है।

(1) सिंगापुर (2) शंघाई, चीन (3) बीजिंग, चीन
(4) हाँग काँग, चीन (5) जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका

**प्र.4.** भारत सरकार की निम्न में से किस प्रकार की पहल को एक गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है ?

(1) शहरी गरीबी उपशमन कार्यक्रम (2) नौकरियों में जाति आधारित आरक्षण
(3) स्व-रोजगार कार्यक्रम (4) सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम
(5) मजदूरी रोजगार कार्यक्रम

## कंप्यूटर ज्ञान

यह प्रश्नावली आपके कंप्यूटर ज्ञान के मापन के लिये है ।

**प्र.1.** ------ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।

(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मानीटर (4) की बोर्ड (5) CD

**प्र.2.** RAM का पूरा रुप क्या है ?

(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory
(4) Random Access Mouse (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** असंगत का चयन कीजिए ।

(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) फ्लापी ड्राइव (4) विन्डोज (5) हार्डडिस्क ड्राइव

# संख्यात्मक अभियोग्यता

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है।

निर्देश : निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी । उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है । आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी । यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् ' दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' ।

**प्र.1.** $\frac{24}{65} \times \frac{13}{56} \times \frac{5}{7} = ?$

(1) $\frac{3}{49}$ (2) $\frac{15}{245}$ (3) $\frac{3}{77}$ (4) $\frac{15}{56}$ (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** (27 + 498) ÷ 25 = ?

(1) 17 (2) 25 (3) 21 (4) 12 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि 10 रुपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पेन का मूल्य क्या है ?

(1) Rs.3/- (2) Rs.5/- (3) Rs.10/- (4) Rs.20/- (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.4-5.** निर्देश : नीचे सारण में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी । सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.4.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.5.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी ।।। दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.6.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## अंग्रेजी भाषा (वर्णनात्मक प्रश्नावली)

**1.** Write an essay on any **ONE** of the following topics

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.

- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.

**2.** Write a précis of the following passage in about 150 words. Give a suitable title.

In this age, when the popular involvement in day-to-day matters in mounting, it is the electronic systems that offer us a potential service infrastructure which could, with careful programming, probably take care of a very large element of what we describe as mechanical, procedural governance without all the distortions, corruptions and harassments which constitute the daily misery of the average citizen. Of course, the electronic systems will only behave to the extent that they are properly programmed. But this is no impossible task today.

Once we move our minds beyond the mere use of the electronic revolution for business efficiency and higher profitabilities and apply it to the task of reducing the routine, repetitive activities of governance, we will conserve time and energy for more important and creative tasks. In other words, the electronic revolution can make for better and more effective handling of real everyday problems, additionally to providing the basic service of computerized information banks. Even in less developed conditions, the potential of the electronic network to take over a great deal of what is called bureaucratic “paper work” has been vividly demonstrated. Licensing system involving endless form filling in endless copies; tax matters which baffle millions of citizens, particularly those who have nothing to hide; election system which require massive supervisory mobilizations or referendums based on miniscule “samples” which seldom reflect the reality at the social base. At all these points, the electronic advantage is seen and recognized. However, we must proceed further.

It is possible to foresee a situation where the citizen, with his personalized computer entry card, his “number”, is able to enter the electronic network for a variety of needs now serviced by regiments of officials, high and low. Indeed, this is already happening in a number of countries. From simple needs, we will move to more complex servicing, and, ultimately, into creativity or what is called “artificial intelligence”.

**Q.2.** Write a letter on any **ONE** of the following

- Write a letter to your younger brother explaining him how Rural Banking Sector has changed in the last decade in India.

- Write a letter to the Branch Manager of your Bank sharing a good experience of customer service in passing an agricultural loan (Based on year experience or reading).

**3. ऑनलाइन परीक्षा पैटर्न का विवरण : संचालन सम्बंधी अनुदेश**

**(क) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा**

(1) उम्मीदवार के लिए एक लॉगइन स्क्रीन डिस्प्ले होगी । उम्मीदवार को प्रवेश पत्र पर मुद्रित लॉगइन ID और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए लॉगइन करना है ।

(2) उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल न. आदि) डिस्प्ले होगी और यदि प्रोफाइल सही हो तो उम्मीदवार 'I Confirm' बटन पर क्लिक करके पुष्टि करें। उसके बाद स्क्रीन पर अनुदेश प्रदर्शित होंगे । उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि डिस्प्ले की गई प्रोफाइल उसी की है । यदि कोई विसंगति हो तो उसे परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षा प्रशासक/निरीक्षक की जानकारी में लाएं ।

(3) सभी प्रश्नों बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पाँच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउस क्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" के साथ सबमिट किया हो अथवा "Mark for Review & Next" पर क्लिक किया हो Ÿ।**

(4) उम्मीदवार को अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना है स्क्रीन पर नीचे की ओर दिए 'चेकिंग' बॉक्स क्लिक करके यह दर्शाना है कि वह तैयार है और तब उसके बाद 'I am ready to begin' बटन एक्टिवेट हो जाता है ।

(5) 'I am ready to begin' बटन पर क्लिक करने के पश्चात परीक्षा का वास्तविक समय प्रारम्भ हो जाएगा ।

(6) एक समय पर एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

(7) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा (वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक) पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है । आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(8) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :


आप इस प्रश्न तक नहीं पहुंचे हैं


आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है


आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है


आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है


आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है

(9) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **Save नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव (save) करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'>** पर क्लिक कीजिए।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव (save) करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(10) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(11) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(12) अपना उत्तर सेव (save) करने के लिए आपको **Save & Next>** पर क्लिक करना चाहिए ।

(13) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(14) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next>** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(15) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(16) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(17) स्क्रीन के टॉप बार पर खंड डिस्प्ले किए जाएंगे । खंड के नाम पर क्लिक करके खंड के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो खंड आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(18) परीक्षा के दौरान आप कभी भी प्रश्नपत्र और प्रश्नों के बीच शफल कर सकते हैं ।

(19) परीक्षा शुरू होने के बाद उम्मीदवार को किसी भी परिस्थिति में 'की बोर्ड की किसी भी कुंजी (key)' पर क्लिक नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।

(20) उम्मीदवार अपने उत्तर में परिवर्तन केवल सबमिशन से पहले कर सकता है ।

(21) परीक्षा समय (अर्थात 90 मिनट) की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(22) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(23) **कृपया नोट करें :-**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** "फाइनली सबमिट" **करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

**(ख) वर्णात्मक प्रकार के प्रश्नपत्र**

परीक्षा देने हेतु किसी भी प्रकार के अलग लॉग इन की आवश्यकता नहीं है । 90 मिनट उपरांत प्रश्नपत्र-। के ऑटोसबमिशन के होने पर परीक्षा स्वयं ही प्रारम्भ हो जाएगी । प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे । एक समय पर केवल एक ही प्रश्न दिखाई देगा ।

**नोट : आप वस्तुनिष्ठ/वर्णात्मक प्रश्नपत्रों के बीच में शफल नहीं कर पाएंगे ।**

**4. सभी प्रश्नपत्रों के सबमिशन के बारे में -**

1. उम्मीदवारों को परीक्षा के पूर्ण समय की समाप्ति से पूर्व अपने उत्तरों को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी।
2. उम्मीदवार अपना उत्तर केवल 'सबमिट' से पूर्व ही बदल सकता/सकती है ।
3. परीक्षा अवधि की समाप्ति के पश्चात, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः ही सेव कर लिए जाएंगे ।

5. **<u>सामान्य निर्देश</u> :**

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता को नोट करें ।

आपको प्रवेश पत्र जारी किया गया है इसका यह अर्थ नहीं है कि नाबार्ड द्वारा आपकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के अपने आवेदन में आपके द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को नाबार्ड ने सत्य और सही मान लिया है । यह नोट कर लिया जाए कि मुख्य परीक्षा के परिणाम के आधार पर जो उम्मीदवार क्वालीफाई करेंगे, नाबार्ड उन उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता, और वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव/निःशक्तजन) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में नाबार्ड नियुक्ति के समय सत्यापन करेगा । इसलिए आप कृपया यह नोट कर लें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड की संतुष्टि नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी गई जानकारी गलत है तो ऐसी किसी कार्रवाई जिसे नाबार्ड करना चाहेगा के साथ आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । आप कृपया नोट कर लें कि प्रवेश पत्र नाबार्ड में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है ।

(2) **<u>परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।</u>**

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और जो पहचान प्रमाण मूलरूप में लाए हो उसकी एक फोटोकापी भी साथ लाएं - यह अनिवार्य है । इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा । कृपया यह प्रवेश-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं-पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड फोटोयुक्त/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **पहचान पत्र परीक्षा के दिन पर वैध होना चाहिये । कृपया नोट करें - राशन कार्ड को इस परीक्षा के लिए वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और नाबार्ड प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा नहीं देने दी जाएगी । ऐसी स्थिती में आप को परीक्षा समाप्त होने तक परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा ।

(6) परीक्षा के दौरान कैल्कुलेटरों (पृथ्क या घड़ी के साथ), पुस्तकों, नोट बुकों, लिखित नोट्स, पेजर, सेल फोन (कैमरे की सुविधा सहित या रहित) अथवा ऐसे ही इलेक्ट्रानिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति **नहीं** होगी । उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेल फोन/पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार से/को सहायता लेने/देने सहित किसी अनुचित साधन या कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता

है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक /वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ नाबार्ड उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(9) जो उम्मीदवार छल रूप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेडछाड की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या मिथ्या हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे नाबार्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए -

(i) नाबार्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु ली गई किसी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से नाबार्ड द्वारा, प्रतिबंधित होगा और

(ii) नाबार्ड के नौकरी से प्रतिबंधित होगा, और

(iii) यदि नाबार्ड की सेवा में आ चुका हो, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

(10) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब शामिल हैं । परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः नाबार्ड/परीक्षा संचालित करने वाले निकाय का निर्णय होगा । पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का कोई दावा नहीं होगा । जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवरी तुरंत रद्द कर दी जाएगी ।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(12) किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु अथवा इसमें दी गई कोई जानकारी पूर्णतः अथवा अंशतः किसी भी साधन वाचिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रॉनिकली अथवा यांत्रिक रूप से, प्रकट करने, प्रकाशित करने, प्रतिकृति करने, संचारित करने, स्टोर करने अथवा संचारित तथा स्टोर करने में सहायता करने का दोषी पाए जाने अथवा परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने अथवा वे उम्मीदवार जिनके कब्जे में अनाधिकृत रूप से परीक्षा सामग्री पाई जाए, पर अभियोग चलाया जाएगा ।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आपको अपने साथ निम्नलिखित सामग्री लाने की सूचना दी जाती है :

(1) प्रवेश पत्र की मूल प्रति जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड जैसे कि ऊपर 5(4) बिंदु में उल्लेख किया गया है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

## आपको शुभकामनाएं